भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1238
उत्तर देने की तारीख-11/12/2023

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में आनंदपुर साहिब संकल्प

†1238 श्रीमती हरसिमरत कौर बादलः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एनसीईआरटी ने आनंदपुर साहिब संकल्प की एक अलगाववादी दस्तावेज़ के रूप में व्याख्या की है जिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री और एसजीपीसी के बीच हस्ताक्षर किए गए थे;
(ख) क्या संधि को पाठ्यपुस्तकों में अलग सिख राज्य की मांग के रूप में करार दिया गया है;
(ग) देश की एकता और अखंडता की वकालत करने वाले ऐसे ऐतिहासिक प्रस्ताव को अलगाववादी दस्तावेज़ करार देने के क्या कारण हैं; और
(घ) उक्त मुद्दे को हल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) से (घ): राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने सूचित किया है कि बारहवीं कक्षा के लिए "स्वतंत्रता के बाद से भारत की राजनीति" शीर्षक से राजनीति विज्ञान की वर्तमान एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक, जो ऑनलाइन (**www.ncert.nic.in)** उपलब्ध है, में आनंदपुर साहिब संकल्प, जिस पर तत्कालीन प्रधान मंत्री और एसजीपीसी के बीच हस्ताक्षर किए गए थे, की एक अलगाववादी दस्तावेज़ के रूप में व्याख्या नहीं की है। उन्होंने यह भी सूचित किया है कि उन्होंने इस संधि की व्याख्या अलग सिख राज्य की मांग के रूप में नहीं की है।

*****